# राजनीति शास्त्र

## कक्षा-12

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 80**

---

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. प्रश्नपत्र चार खंडों **– क, ख, ग, घ –** में विभाजित है।

- **खंड क (प्र. 1–20):** वस्तुनिष्ठ प्रश्न**, प्रत्येक 1 अंक**
- **खंड ख (प्र. 21–28):** अतिलघु उत्तरात्मक**, प्रत्येक 2 अंक (**आंतरिक विकल्प सहित**)**
- **खंड ग (प्र. 29–36):** लघु उत्तरात्मक**, प्रत्येक 3 अंक 80–100** शब्द **(**आंतरिक विकल्प सहित**)**
- **खंड घ (प्र. 37–40):** निबंधात्मक प्रश्न**, प्रत्येक 5 अंक 150–180** शब्द **(**आंतरिक विकल्प सहित**)**

---

### खंड क – बहुविकल्पीय प्रश्न **(MCQs):** प्रत्येक **1** अंक

**प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए:**

1. सीमा आयोग के अध्यक्ष कौन थे?

**(A)** जवाहरलाल नेहरू

**(B)** सरदार पटेल

**(C)** साइमन कमीशन

**(D)** सीरिल रेडक्लिफ

2. कौन सा दशक विश्वव्यापी मंदी का दशक था?

**(A) 1940** का दशक

**(B) 1950** का दशक

**(C) 1930** का दशक

**(D) 1960** का दशक

3. "इंडिया इज़ इंदिरा, इंदिरा इज़ इंडिया" का नारा किसने दिया था?

**(A)** डी.के. बरुआ

**(B)** इंदिरा गांधी

**(C)** संजय गांधी

**(D)** राजीव गांधी

4. पाँचवाँ आम चुनाव कब हुआ था?

**(A) 1967**

**(B) 1969**

**(C) 1970**

**(D) 1971**

5. निम्नलिखित में से किस राज्य में नवनिर्माण आंदोलन चला था?

**(A)** पंजाब

**(B)** बिहार

**(C)** हरियाणा

**(D)** गुजरात

6. भूतपूर्व सोवियत संघ का विघटन कब हुआ था?

**(A) 1990**

**(B) 1991**

**(C) 1992**

**(D) 1995**

7. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

**(A)** नई दिल्ली

**(B)** लंदन

**(C)** न्यूयॉर्क

**(D)** हेग

8. यूरोपीय संघ की स्थापना कब हुई थी?

**(A) 1979**

**(B) 1982**

**(C) 1992**

**(D) 1999**

9. चीन में खुले द्वार की नीति प्रारंभ करने वाले नेता कौन थे?

**(A)** चाउ एन लाई

**(B)** लिपिंग

**(C)** डेंग स्याओपिंग

**(D)** इनमें से कोई नहीं

10. चकमा शरणार्थी समस्या किन देशों के मध्य है?

**(A)** भारत–बांग्लादेश

**(B)** भारत–पाकिस्तान

**(C)** भारत–चीन

**(D)** भारत–श्रीलंका

11. वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कौन हैं?

**(A)** काफी अन्नान

**(B)** एंटोनियो गुटेरेस

**(C)** बान की मून

**(D)** ऊ थांट

12. निम्नलिखित में कौन सी वस्तु वैश्वीकरण की प्रतीक है?

**(A)** विदेशी वस्तुएं

**(B)** अप्रवासी लोग

**(C)** विदेशी पूंजी का निवेश

**(D)** उपरोक्त सभी

---

## एक शब्द में उत्तर दीजिए (One-word Answers):

13. कौन सा दल हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने के खिलाफ था?

14. मंडल आयोग के अध्यक्ष कौन थे?

15. भारत ने प्रथम परमाणु परीक्षण कब किया था?

---

## रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (Fill in the Blanks):

16. भारत में जनसंघ के संस्थापक __________ थे।

17. जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद __________ भारत के प्रधानमंत्री बने।

18. 'हिंदुत्व' शब्द को __________ ने गढ़ा था।

---

## अभिकथन (Assertion) और कारण (Reason) आधारित प्रश्न:

19. **अभिकथन (A):** सोवियत संघ ने निजी संपत्ति की संस्था को समाप्त कर दिया था।

    **कारण (R):** सोवियत संघ में 1917 में समाजवादी क्रांति हो गई थी।

    (A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

    (B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता।

    (C) A सही है लेकिन R गलत है।

    (D) A गलत है लेकिन R सही है।

20. **अभिकथन (A):** प्राकृतिक वन, जलवायु को संतुलित रखने में मदद करते हैं।

    **कारण (R):** वर्तमान में प्राकृतिक वनों की कटाई हो रही है और लोग विस्थापित हो रहे हैं।

    (A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

**(B) A** और **R** दोनों सही हैं लेकिन **R, A** की सही व्याख्या नहीं करता।

**(C) A** सही है लेकिन **R** गलत है।

**(D) A** गलत है लेकिन **R** सही है।

---

## खंड ख– लघु उत्तरात्मक प्रश्न (Short Answer Questions): प्रत्येक 2 अंक

21. भारत विभाजन के दो बुरे परिणाम बताइए।

22. भारतीय जनसंघ ने किस विचारधारा पर ज़ोर दिया था?

23. नेहरू विदेश नीति के संचालक को स्वतंत्रता का एक अनिवार्य संकेतक क्यों मानते थे? (कोई दो कारण)

    **अथवा**

    पंचशील पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

24. दल-बदल पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

25. सार्क **(SAARC)** के उदय के कारणों पर टिप्पणी लिखिए।

26. "लिमिट्स टू ग्रोथ" क्या है?

    **अथवा**

    विश्व राजनीति में पर्यावरण की चिंता के दो कारण लिखिए।

27. ताशकंद समझौते की दो बातें बताइए।

28. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं?

    **अथवा**

    वैश्वीकरण के विरोध के दो कारण बताइए।

    **अथवा**

    वैश्वीकरण के तीन उद्देश्य बताएं ।

---

## खंड ग – दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न (Long Answer Questions): प्रत्येक 3 अंक

29. आज़ादी के समय भारत के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में राष्ट्र निर्माण की चुनौती के दो मुख्य अंतर बताइए।

30. विकास के तीन उद्देश्य बताइए।

**अथवा**

स्वतंत्रता के बाद भारत में नियोजन को क्यों अपनाया गया?

31. भारत की दलीय प्रणाली पर आपातकाल का क्या प्रभाव पड़ा? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए।

**अथवा**

आपातकाल की घोषणा के तीन परिणाम बताइए।

32. **1989** के बाद भारतीय राजनीति के मुख्य मुद्दे क्या रहे हैं? इन मुद्दों से राजनीतिक दलों के आपसी संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ा?

33. किन कारणों से गोर्बाचेव सोवियत संघ में सुधार के लिए बाध्य हुए?

34. क्षेत्रीय संगठनों के निर्माण के उद्देश्य क्या हैं?

**अथवा**

दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता (SAFTA) का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

**अथवा**

चीन द्वारा किए गए आर्थिक सुधारो के लाभों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए I

35. शक्ति संतुलन क्या होता है? कोई एक देश कैसे इसे लागू करता है?

36. पर्यावरण प्रदूषण के तीन कारण लिखिए।

---

## खंड घ – निबंधात्मक प्रश्न: प्रत्येक 5 अंक

37. क्या भारत की विदेश नीति से यह स्पष्ट होता है कि भारत क्षेत्रीय महाशक्ति बनना चाहता है? **1971** के बांग्लादेश युद्ध के सन्दर्भ में उत्तर दीजिए।

**अथवा**

**(A)** भारत की परमाणु नीति पर टिप्पणी करें।

**(B)** विदेश नीति के मामलों पर सर्वसम्मति पर टिप्पणी करें।

38. आनंदपुर साहिब प्रस्ताव विवादास्पद क्यों था**?**

**अथवा**

**"**असम आंदोलन**:** संस्कृतिक अभियान**,** अभिमान और आर्थिक पिछड़ेपन की अभिव्यक्ति**" –** स्पष्ट करें।

39. संयुक्त राष्ट्र संघ के बनाए रखने के क्या कारण हैं**,** जबकि यह कई बार विफल रहा है**?**

**अथवा**

अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की स्थापना में भारत का योगदान लिखिए।

40. वैश्वीकरण की आर्थिक परिणतियाँ क्या रही हैं**?** इसका भारत पर क्या प्रभाव पड़ा**?**

**अथवा**

वैश्वीकरण के उदय के मुख्य कारणों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

वैश्वीकरण के प्रति भारतीय दृष्टिकोण क्या है **?**